टीकाकरण के लिए गजब का जुनून, 87 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने लगवाया कोविड का टीका

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में टीकाकरण को लेकर गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है आज वार्ड क्रमांक 31 दुर्गा मंदिर के टीकाकरण केंद्र में 87 वर्षीय बुजुर्ग महिला फूलकुमारी ने प्रथम डोज का टीका लगवाया! यह महिला टीकाकरण के लिए स्वयं पहुंची थी! बापू नगर वार्ड क्रमांक 33 खुर्सीपार की निवासी फुल कुमारी को जैसे ही पता चला कि नजदीकी वार्ड के टीकाकरण केंद्र में कोरोना वायरस के बचाव के लिए टीका लगाया जा रहा है! वैसे ही वह टीका के लिए टीकाकरण केंद्र पहुंच गई! इस महिला की उम्र काफी अधिक है फिर भी इन्होंने कोरोना संक्रमण की रोकथाम का हिस्सा बनने स्वयं का टीका लगवाकर अभिनव पहल की है! यही नहीं महिला ने जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा से बोलकर सेल्फी जोन में अपनी स्वयं की फोटो भी खिंचवाई और कहा कि मैं अन्य लोगों को भी टीका लगवाने के लिए प्रेरित करूंगी! टीकाकरण केंद्रों में अधिक उम्र के बुजुर्ग भी टीकाकरण करवाने के लिए केंद्रों में पहुंच रहे है! उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी लगातार टीकाकरण की मानिटरिंग कर रहे हैं! टीका के लिए प्रेरित करने अलग-अलग तरीके से प्रयास किया जा रहा है! और इन्हीं प्रयासों से इस प्रकार के बुजुर्ग महिला एवं असहाय भी टीकाकरण केंद्रों तक पहुंच रहे हैं! निगम के कई टीकाकरण केंद्रों में सेल्फी जोन भी तैयार किया गया है! जहां टीकाकरण के बाद लोग अपनी फोटो लेकर सोशल मीडिया के माध्यम से अन्य को प्रेरित करने का कार्य कर रहे हैं! आज भिलाई के टीकाकरण केंद्रों में कुल 5846 लोगों ने कोविड का टीका लगवाया! वही टीकाकरण केंद्रों में समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा टीकाकरण करवाने के लिए अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है! स्वयं आगे बढ़ कर लोगों को टीका लगवाने प्रेरित कर रहे हैं!